आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

प्रादेशिक समाचार

<u>बधाई</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप जीतने पर बधाई दी है। एशिया कप टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। भारत ने 9वीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी टीम इंडिया को उनकी जीत पर बधाई दी है।

सेवा पर्व–प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन यानी जनसेवा तथा सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज की कडी में, हम बता रहे हैं कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के किसानों को सशक्त बनाया है।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के सातवे दिन आज माँ दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां का यह स्वरूप अंनत और व्यापक है। कालरात्रि अर्थात काल को जीतने वाली है। मां काली की पूजा से सब कुछ सिद्ध होता है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों में श्रद्धालु सुबह से ही पूर्ण श्रद्धा व आस्था से पूजा–अर्चना कर रहे है और मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

<u>एचपीएमसी</u>

भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने एच पी एम सी पर कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा है कि मानसून खत्म होने के बाद भी बागवानों का सेब अभी तक सड़कों में पड़ा हुआ है और यदि इसे समय पर नहीं बेचा गया तो आने वाले समय में बागवानों को एचपीएमसी से इसकी पेमेंट भी नहीं मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि समय पर एचपीएमसी खरीद केंद्र न खोलने और नीलामी व ट्रांसपोर्टेशन में अव्यवस्था के चलते बागवानों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

कर्ण नंदा

प्रदेश भाजपा के मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने नई दिल्ली में आयोजित भारत मंथन 2025– नक्सलमुक्त भारत राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर कर्ण नंदा ने कहा कि अर्बन नक्सलवाद देश के लिए एक बड़ी चुनौती है और नक्सलवाद की सोच को फैलाने वालों को पहचानने की बेहद आवश्यकता है। सम्मेलन में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–जाठिया देवी में मैग्नेट सिटी का प्रस्ताव तैयार, टी सी पी में जमा करवाए नक्शे।

स्टेट काडर में की जाएगी 874 पटवारियों की भर्ती शीर्षक से हिमाचल दस्तक ने लिखा है नए भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के बाद शुरू होगी प्रकिया।

विदेश से लौटे सुक्खू, अब होगा मुख्य सचिव पर निर्णय दैनिक जागरण की एक खबर है। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं केंद्र से हिमाचल का हक मांगेगें मुख्यमंत्री।

मौसम की खबर को पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है अब गर्मी छुड़ा रही पसीना, 4 अक्तूबर से फिर बिगड़ेगा मौसम।

————————————